CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 35 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 21 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## झगड़े के बाद पत्नी की हत्या कर बेटा लेकर फरार हुआ पति, जयपुर में दिल दहला देने वाली वारदात

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

शहर के बगरू थाना क्षेत्र स्थित ओमेक्स सिटी में एक युवक ने घरेलू विवाद के चलते पत्नी की हत्या कर दी और 9 साल के बेटे को लेकर फरार हो गया। मामला तब सामने आया जब महिला के मायके वालों के कॉल का जवाब नहीं मिला और उन्होंने पड़ोसियों को सूचना दी। जानकारी के अनुसार, मृतका प्रियंका (32) मूल रूप से मथुरा (उ.प्र.) की रहने वाली थी। करीब 11 साल पहले उसकी शादी ललित गौतम से हुई थी। दोनों बीते 4 साल से जयपुर में रह रहे थे। शनिवार शाम पति-पत्नी के बीच कहासुनी के बाद ललित ने किसी भारी वस्तु से प्रियंका के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



हत्या के बाद ललित शव को बेड पर छोड़कर घर को बाहर से लॉक कर बेटे को लेकर फरार हो गया। देर रात तक प्रियंका के परिजन फोन करते रहे, जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने पड़ोसियों को बुलाया। खिड़की से झांकने पर महिला के पैर दिखाई दिए। सूचना पर पुलिस पहुंची और लॉक तोड़कर अंदर गई। बेड पर प्रियंका का शव खून से सना मिला।

पुलिस के अनुसार, हत्या की वजह ललित का जयपुर छोड़कर ग्रेटर नोएडा शिफ्ट होने की जिद बताया जा रहा है, जबकि प्रियंका यहीं रहना चाहती थी। ललित ने हत्या के बाद बेटे को अपने छोटे भाई सोनू के पास ग्रेटर नोएडा में छोड़ दिया और खुद फरार हो गया।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। वह महिंद्रा सेज स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत था। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

## आसींद पुलिस की कार्रवाईः अवैध देशी शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, सफारी गाड़ी भी जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद

थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच पेटी अवैध देशी शराब जब्त की है। साथ ही शराब तस्करी में प्रयुक्त सफारी वाहन को भी ज़ब्त किया गया है। पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हनुमान सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई 19 जुलाई की शाम ग्राम लाछूड़ा के पास की, जहां एक सफारी गाड़ी दौलतगढ़ की तरफ से संदिग्ध रूप से आती हुई दिखाई दी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गाड़ी को रोककर तलाशी ली, तो डिक्की से पांच पेटी अवैध देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से आरोपी




विकास खटीक पिता रामचन्द्र खटीक निवासी तिलोली थाना आसींद जिला भीलवाड़ा एवं कैलाश खटीक पिता प्यारा खटीक निवासी तिलोली थाना आसींद जिला भीलवाड़ा को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ।

## बिजौलिया पुलिस की तत्परता से बड़ी सफलताः दो दिन में चोरी हुआ ट्रेलर गंगापुर सिटी से बरामद

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

थाना पुलिस ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी और कुशल जांच का परिचय देते हुए ट्रेलर चोरी की बड़ी वारदात का पर्दाफाश किया है। मात्र 48 घंटे के भीतर पुलिस ने चोरी हुआ ट्रेलर गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर से बरामद कर लिया। मामले में फरार अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है। थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि 18 जुलाई को परिवादी राजूलाल पुत्र शंकरलाल धाकड़ निवासी कल्याणपुरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसका ट्रेलर नया गांव पेट्रोल पंप के पास खड़ा था, जिसे रात करीब 2:50 बजे अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गए।

मामला दर्ज होते ही पुलिस टीम ने मौके का निरीक्षण कर पेट्रोल पंप और टोल नाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। साथ ही तकनीकी सहायता के जरिए ट्रेलर की मूवमेंट को ट्रेस किया गया। जांच के दौरान ट्रेलर कोटा, बूंदी, टोंक होते




हुए सवाई माधोपुर की ओर जाता पाया गया। लगातार खोजबीन के बाद चोरी किया गया ट्रेलर गंगापुर सिटी के उदय मोड़ पर एक होटल के पास लावारिस हालत में खड़ा मिला। टीम ने तुरंत ट्रेलर को कब्जे में लेकर थाना परिसर लाया।

पुलिस ने बताया कि वारदात में शामिल अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है ।

कार्रवाई में हेड कांस्टेबल हरि सिंह और कांस्टेबल सुरेन्द्र की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

## सराय गांव में 5 साल के मासूम की हत्या

### खंडहर में चारे के ढेर में मिला शव



भीलवाड़ा फोकस @ मुंडावर

थाना क्षेत्र के सराय गांव में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां एक 5 वर्षीय मासूम बालक की हत्या कर उसका शव गांव के पास एक खंडहर में छिपा दिया गया। मृतक की पहचान लोकेश पिता बिंटू के रूप में हुई है, जो गांव में मिस्त्री का कार्य करता है।

### खेलते-खेलते हुआ लापता, शाम तक नहीं मिला सुराग

जानकारी के अनुसार, लोकेश 19 जुलाई की दोपहर करीब 1:30 बजे घर में खेलते समय अचानक लापता हो गया। परिजनों ने पहले मोहल्ले और आस-पास के क्षेत्र में उसकी तलाश शुरू की, लेकिन शाम तक कोई सुराग नहीं मिला। बच्चे की गुमशुदगी की खबर फैलते ही ग्रामीण भी खोज में जुट गए। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। मुंडावर थाने की टीम मौके पर पहुंची और गांववासियों से पूछताछ भी की, मगर कोई जानकारी हाथ नहीं लगी।

### रात को खंडहर से मिला शव, सिर व हाथ पर चोट के निशान

रात करीब 9:30 बजे गांव के कुछ लोग सराय के पास स्थित एक खंडहर में खोजबीन कर रहे थे। तभी वहां चारा रखने वाले एक कमरे में चारे के ढेर के नीचे लोकेश का शव मिला। शव देख ग्रामीणों की चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सील कर जांच शुरू की।




बच्चे के सिर और हाथ पर गहरी चोट के निशान थे, जिससे प्रथम दृष्ट्या यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है।

### "काम पर था, पति पत्नी ने रोते हुए फोन किया"

मृतक के पिता बिंटू ने बताया कि वह काम पर गया हुआ था। दोपहर में पत्नी ने फोन कर बताया कि लोकेश कहीं नजर नहीं आ रहा। पहले तो उन्होंने सोचा कि बच्चा पास ही कहीं खेल रहा होगा, लेकिन जब एक घंटे बाद फिर से फोन आया कि अभी तक लोकेश नहीं मिला, तो वह तुरंत घर लौट आया।

मैंने मोहल्ले के लोगों के साथ मिलकर आसपास के हर घर और गली में खोजबीन की। आखिरकार रात को खंडहर में चारे के ढेर में मेरा बच्चा मृत अवस्था में मिला ।

### गांव में दहशत, पुलिस ने बढ़ाई निगरानी

इस जघन्य वारदात के बाद गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। मासूम के साथ हुई इस अमानवीय घटना ने सभी को झकझोर दिया है। पुलिस ने इलाके में संदिग्धों पर निगरानी बढ़ा दी है और हत्या की विभिन्न कोणों से जांच शुरू कर दी है।

## हाईवे किनारे चलता था केमिकल चोरी का रैकेटः टैंकर चालक गिरफ्तार






भीलवाड़ा फोकस @ पाली

जिले के गुड़ा एंदला थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 62 पर चल रहे एक अवैध केमिकल चोरी के गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से एक टैंकर जब्त कर उसके चालक को गिरफ्तार किया है, जो बेंजीन केमिकल को चोरी-छिपे बेचने की फिराक में था।

### होटल के पीछे बन रहा था केमिकल चोरी का अड्डा

एएसपी विपिन शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जेतपुर सरहद स्थित गोदारा होटल के पीछे के खाली भूखंड पर टैंकरों से केमिकल चोरी की जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां ऊंची दीवारों से घिरे परिसर में एक टैंकर और एक पिकअप खड़ी मिली। पिकअप में केमिकल से भरे ड्रम लोड थे, जबकि कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देख मौके से भाग निकले।

### टैंकर चालक ने कबूला जुर्म, चोरी की थी सोची-समझी साजिश

पुलिस ने टैंकर में बैठे चालक को मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान नेमाराम पुत्र तिलोकराम, निवासी देवासियों की ढाणी, रायपुर, जिला ब्यावर के रूप में हुई है। उसने स्वीकार किया कि वह टैंकर में बेंजीन केमिकल भरकर भटिंडा (पंजाब) से दहेज (गुजरात) ले जा रहा था। लेकिन रास्ते में अपने परिचित गेन सिंह के साथ मिलकर मुनाफे के लालच में टैंकर से केमिकल निकालकर उसे सस्ते दामों में बेचने की योजना बना रखी थी। आरोपी ने खुलासा किया कि वे बिना टैंकर की सील तोड़े ढक्कन खोलकर अंदर से केमिकल निकाल लेते थे, जिससे परिवहन कंपनी को भनक न लगे। पूछताछ में यह भी सामने आया कि गेन सिंह अन्य टैंकर चालकों को भी इस अवैध काम में शामिल करता था।

### केमिकल और वाहन जब्त, जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने मौके से टैंकर व उसमें भरा बेंजीन जब्त कर लिया है। पिकअप व उसमें रखे ड्रमों की भी जांच की जा रही है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि यह पूरा नेटवर्क हाईवे पर अवैध रूप से संचालित ढाबों और खाली भूखंडों की आड़ में चलाया जा रहा था, जिससे पुलिस या आम लोगों को शक न हो।

CMYK

# भक्ति और उत्साह से सराबोर रही मंदाकिनी से तिलस्वा तक कांवड़ यात्रा

## 18 किमी पैदल यात्रा में गूंजे हर-हर महादेव के जयघोष, जगह-जगह हुआ स्वागत






**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

कस्बे में भक्ति और आस्था से परिपूर्ण वातावरण में रविवार को मंदाकिनी महादेव मंदिर से तिलस्वा महादेव तक 18 किलोमीटर लंबी भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत पंडित शांतिलाल जोशी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई।

यात्रा में 11 कांवड़िए मंदाकिनी महादेव स्थित पवित्र कुंड से जल कलश लेकर निकले, जो मालीपुरा, माजी साहब का खेड़ा, गोपालपुरा और डोबिया होते हुए तिलस्वा महादेव पहुंचे। पूरे मार्ग में ढोल, नगाड़ों, डीजे की गूंज के साथ शिवभक्त नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे। भक्तों में यात्रा को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिला।

ग्रामवासियों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का जगह-जगह स्वागत किया। यात्रा के समापन पर कांवड़ियों ने तिलस्वा महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

इस अवसर पर श्री वीर बजरंग अखाड़ा द्वारा आकर्षक अखाड़ा प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें बालिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# नेत्र व दंत रोगियों के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर शुरू



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति व अंधता निवारण सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में चार दिवसीय निशुल्क नेत्र व दंत रोग जांच एवं परामर्श शिविर का शुभारंभ हुआ।

समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि फेको सर्जन डॉ. कृष्णा हेडा द्वारा 32 नेत्र रोगियों की जांच की गई, जिनमें ऑपरेशन योग्य मरीजों का चयन कर लिया गया है। 21 जुलाई को इनका मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाएगा।

साथ ही डॉ. रोहित बसेर व डॉ. खुशबू बसेर ने 20 दंत रोगियों को अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी, बनवारी लाल मुरारका, जयकृष्ण मित्तल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, अरुण जागेटिया, गणपत जागेटिया, सुभाष गर्ग, रामनारायण सोमानी, सत्यनारायण नुवाल, छीतरमल लड्ढा, घनश्याम डाड, लादू लाल माली उपस्थित रहे ।

# बिजौलिया में शुरू हुआ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान

## मंदाकिनी मंदिर परिसर में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश






**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशव्यापी वन एवं पर्यावरण अभियान के तहत रविवार को बिजौलिया मंडल द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत प्रसिद्ध मंदाकिनी महादेव मंदिर परिसर में की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि मुकेश खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, पूर्व नगर पालिका चेयरपर्सन पूजा चंद्रवाल, ब्रमा कुमारी आश्रम की अर्चना दीदी और मां गीता देवी ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम के मंडल संयोजक सुनील जोशी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मंदाकिनी कुंड पूजन और कल्पवृक्ष वंदन से हुई। इसके बाद अतिथियों द्वारा बिल्व पत्र का पौधरोपण कर अभियान की विधिवत शुरुआत की गई।

इस अवसर पर हितेंद्र राजोरा, अभिषेक सर्वा, बिट्ठल तिवारी, जगदीश पुरी, हर्षदा कुमारी, शांतिलाल जोशी सहित भाजपा के कई जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मदनलाल माली बने माली सैनी महासभा के जिला अध्यक्ष, समाज सुधार का लिया संकल्प



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

माली सैनी महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष छूटनलाल सैनी द्वारा मदनलाल माली को भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश महामंत्री सागर मावर, भंवरलाल सैनी किरोड़ीवाल एवं प्रदेश सचिव लालचंद सैनी की अनुशंसा पर की गई। मदनलाल माली को जिला अध्यक्ष बनने पर भीलवाड़ा माली समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। कृषि मंडी प्रांगण में समाजजनों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर व साफा बांधकर उनका अभिनंदन किया।

मीडिया से बातचीत में माली ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों जैसे नशा, बाल विवाह, मृत्यु भोज व कपड़ा प्रथा को खत्म करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। वे गांव-गांव और तहसील स्तर तक जाकर समाज को संगठित करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि ÷समाज की एकता, प्रगति और नवजागरण के लिए हम सभी को साथ लेकर चलेंगे। साथ ही उन्होंने शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी गठित करने की बात कही।

# बिसुन्दनी बांध में लापरवाही बन रही खतरे की वजह

## तेज बहाव में नहा रहे बच्चे, हादसे को दे रहे खुला आमंत्रण

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

(दिलखुश मोटीस)। क्षेत्र में लगातार बारिश के चलते बिसुन्दनी बांध में चादर चल रही है और बांध के नीचे पानी का बहाव बेहद तेज हो गया है। बावजूद इसके, बच्चे और किशोर खुलेआम इस बहाव में नहाते व खेलते नजर आ रहे हैं, जो किसी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जलस्तर में उतार-चढ़ाव लगातार बना हुआ है, जिससे पानी के बहाव की तीव्रता का अनुमान लगाना कठिन हो जाता है। कभी भी अचानक बहाव तेज हो सकता है, जिससे जानमाल की हानि की आशंका बनी हुई है।

यहाँ प्रशासन द्वारा अब तक न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही सुरक्षा गार्ड की कोई व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि



समय रहते निगरानी नहीं बढ़ाई गई, तो कोई गंभीर हादसा हो सकता है।


# जोगणिया माता में 22 से भागवत कथा, धारला से निकलेगी जल कलश यात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं**

उपखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जोगणिया माता में 22 जुलाई मंगलवार से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। प्रसिद्ध गौसेवक एवं कथावाचक प्रेमनारायण महाराज व्यासपीठ से कथा वाचन करेंगे।

कथा आयोजन से पूर्व 22 जुलाई को सुबह 9 बजे धारला गांव से विशाल जल कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो भक्तिमय वातावरण के बीच कथा स्थल पर पहुंचेगी। कथा का आयोजन रामलीला मैदान में किया जाएगा।

जोगणियामाता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि कथा स्थल पर बारिश व धूप से बचाव हेतु स्थायी टिन शेड की व्यवस्था की गई है। आयोजन की



सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारू संचालन के लिए अलग-अलग समितियों का गठन भी किया गया है।



# टैक्स मंत्रा

## आयकर रिटर्न भरते समय रखें ये ज़रूरी सावधानियाँ

हर नागरिक जिसकी वार्षिक आय निर्धारित सीमा से अधिक है, उसके लिए इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) भरना अनिवार्य है। यह केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि आपकी वित्तीय पारदर्शिता और भविष्य की योजनाओं (जैसे लोन, वीज़ा, बीमा क्लेम आदि) में अहम भूमिका निभाता है। हालांकि, रिटर्न भरते समय की गई छोटी गलतियाँ – जैसे ग़लत फॉर्म भरना, अधूरी जानकारी देना या ई-वेरिफिकेशन न करना – महंगी पड़ सकती हैं। एक पेशेवर टैक्स सलाहकार या सीए की मदद से इन समस्याओं से बचा जा सकता है।

### मुख्य सावधानियाँ-

### 1. सही ITR फॉर्म चुनें

हर व्यक्ति की आय के स्रोत अलग होते हैं – जैसे वेतन, फ्रीलांसिंग, व्यापार, पूंजीगत लाभ आदि। गलत फॉर्म भरने से रिटर्न अस्वीकार हो सकता है।

### 2. सभी आय स्रोतों को जोड़ें

केवल वेतन नहीं, बल्कि ब्याज, किराया, उपहार, शेयर बिक्री जैसी सभी आय शामिल करें। किसी भी आय को छिपाना परेशानी का कारण बन सकता है।

### 3. Form 26AS और AIS की जाँच करें

TDS, ब्याज और अन्य वित्तीय लेनदेन इन फॉर्म्स में दर्ज होते हैं। इन्हें रिटर्न भरने से पहले ज़रूर मिलाएं।

### 4. PAN, आधार और बैंक विवरण सही भरें

छोटी-सी गलती से आपका रिफंड अटक सकता है या रिटर्न प्रोसेस में देरी हो सकती है।

### 5. छूटों का सही दावा करें (80C, 80D, 80G आदि)

गलत या बिना दस्तावेज़ वाली छूट का दावा आपको नोटिस दिला सकता है। प्रमाणित दस्तावेज़ों के साथ छूट लें।

### 6. ई-वेरिफिकेशन करना न भूलें

रिटर्न भरने के 30 दिनों के भीतर ई-वेरिफिकेशन ज़रूरी है, वरना आपका रिटर्न अमान्य माना जाएगा।

**सीए और एडवोकेट क्यों ज़रूरी है?**

- कर कानून और फॉर्म चयन में विशेषज्ञता
- जटिल मामलों (जैसे विदेशी आय, ट्रेडिंग, निवेश) में सटीक मार्गदर्शन
- दस्तावेज़ों की संपूर्ण सूची और संरक्षित संग्रह
- भविष्य के टैक्स प्लानिंग में सहयोग



- सीए लविश चावला

(ए.सी.ए., एम.कॉम., बी.कॉम., सी.सी.सी.ए.बी.): calavishchawla@gmail.com

# शिवभक्ति में डूबा भीलवाड़ा, निकली भव्य कांवड़ यात्रा

## निंबार्क आश्रम से हरणी महादेव तक हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



श्रावण मास के अवसर पर पूर्वांचल जनचेतना सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को निंबार्क आश्रम, गांधीनगर से हरणी महादेव मंदिर तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा महंत मोहन शरण महाराज के सान्निध्य में प्रारंभ हुई। जिसमे हजारों शिवभक्तों ने भाग लिया। यात्रा को पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, महापौर राकेश पाठक, पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। पूरे मार्ग में बोल बम के जयघोष, ढ़ोल-नगाड़ों और भजनों की गूंज रही। जगह-जगह श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। यात्रा का समापन हरणी महादेव मंदिर में पूजन-अर्चन और प्रसादी वितरण के साथ हुआ।

# बिजौलिया को रेलवे से जोड़ने की उठी आवाज, केंद्रीय रेल मंत्री को भेजा पत्र

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



कस्बे को रेल मार्ग से जोड़ने की वर्षों पुरानी मांग को लेकर अब क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने एक बार फिर आवाज बुलंद की है। ऊपरमाल पर्यावरण समिति के उपाध्यक्ष शक्तिनारायण शर्मा ने केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखकर ऊपरमाल रेलवे स्टेशन से बिजौलिया तक शटल रेल सेवा शुरू करने की मांग की है। उन्होंने पत्र में बताया कि कस्बे की ऊपरमाल स्टेशन से दूरी महज 14 किलोमीटर है, लेकिन रेल सुविधा नहीं होने से क्षेत्र का बहुस्तरीय विकास थमा हुआ है।

शर्मा ने बताया कि बिजौलिया एक ऐतिहासिक, धार्मिक और औद्योगिक कस्बा है। यहां स्थित मंदाकिनी महादेव मंदिर, मेनाल जलप्रपात, जैन तीर्थ जैसे अनेक स्थल धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, जहां देशभर से पर्यटक आते हैं। यदि क्षेत्र को रेल सुविधा मिले तो इन स्थलों तक पहुँच और अधिक सुलभ हो सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि बिजौलिया में सेंडस्टोन खनिज का बड़े पैमाने पर व्यापार होता है, जिससे सरकार को विदेशी मुद्रा की आमद होती है, लेकिन रेलवे कनेक्टिविटी के अभाव में व्यापारियों को माल परिवहन में अतिरिक्त लागत वहन करनी पड़ रही है। यदि रेल सेवा शुरू होती है तो इससे निर्यात गतिविधियों को गति मिलेगी। इसके साथ ही छात्र-छात्राएं, नौकरीपेशा और व्यापारी वर्ग को भी रेल कनेक्टिविटी से आवागमन में बड़ी सुविधा होगी। शर्मा ने बताया कि बिजौलिया राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर स्थित है और यहां से कोटा, चित्तौड़गढ़ और मध्यप्रदेश की सीमाएं निकट हैं। ऐसे में यह प्रस्ताव रेलवे के लिए भी लाभकारी रहेगा। शर्मा ने मांग की है कि इस प्रस्ताव पर प्राथमिकता से विचार कर क्षेत्र को रेलवे से जोड़ा जाए, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ सरकार को भी लाभ मिल सके।

# QUICK BITES

## बनवारी बने अखिल भारतीय धाकड़ महासभा (युवा संघ) के राष्ट्रीय मंत्री

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़



अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा (युवा संघ) में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसीराम नागर की अनुसंशा पर युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय नांदेड़ा में तहसील के लाडपुरा निवासी बनवारी धाकड़ को राष्ट्रीय मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। बनवारी की नियुक्ति संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए की गई है।

## भीलवाड़ा के तीन वार्डो के मंदिरों में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक का आयोजन, आज वार्ड 10-11 में कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



नगर निगम द्वारा श्रावण मास के तहत 70 वार्डों में 70 शिव मंदिरों में सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम जारी है। शनिवार को वार्ड 9 के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, वार्ड 20 और वार्ड 60 के मंदिरों में मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महापौर राकेश पाठक सहित कई जनप्रतिनिधि व श्रद्धालु मौजूद रहे। पंडित योगेन्द्र शर्मा के निर्देशन में अभिषेक किया गया। रविवार को यह आयोजन वार्ड 10 के ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर और वार्ड 11 के बाल हनुमान मंदिर में होगा।

# गौमाता को राष्ट्रीय माता घोषित करने की मांग को लेकर भीलवाड़ा से कन्याकुमारी तक की 12 हजार किमी पदयात्रा

## शक्ति सिंह राणावत ने 8 राज्यों और नेपाल में किए प्रमुख तीर्थों के दर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



गौमाता को राष्ट्रीय माता घोषित करने की मांग को लेकर भीलवाड़ा जिले के आरजिया निवासी शक्ति सिंह राणावत ने 12,000 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी की। राणावत की यह यात्रा भीलवाड़ा से शुरू होकर चार धाम और 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करते हुए तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक पहुंची। यात्रा का उद्देश्य देशभर में गौमाता पर हो रहे अत्याचारों को लेकर जनजागरण करना और उन्हें संवैधानिक दर्जा दिलाना रहा। राणावत ने यात्रा के दौरान राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और नेपाल में स्थित बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम, केदारनाथ, काशी विश्वनाथ, वैद्यनाथ, मल्लिकार्जुन, रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग समेत कई प्रमुख तीर्थस्थलों के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना कर गौसंवर्धन की अपील की। राणावत अब अगली यात्रा में महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, त्र्यंबकेश्वर, सोमनाथ, नागेश्वर, द्वारका आदि तीर्थ स्थलों की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान गौमाता को सम्मान व संरक्षण दिलाने तक जारी रहेगा।

# मनीष डाड अध्यक्ष, ऋषभ पोरवाल बने मंत्री

## डिस्पोजेबल यूनियन की वार्षिक बैठक सम्पन्न, सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का किया गठन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



डिस्पोजेबल यूनियन की बैठक निजी फार्म हाउस पर निवर्तमान अध्यक्ष शांतिलाल डाड की अध्यक्षता में हुई। सभी ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें संरक्षक शांतिलाल डाड, अध्यक्ष मनीष डाड, मंत्री ऋषभ पोरवाल, कोषाध्यक्ष प्रकाश साहू, कार्यकारिणी सदस्य कैलाश साहू, मनीष अजमेरा, अर्पित तुर्किया, भरत सोडाणी को बनाया गया। इसी के साथ सभी ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न लेने और न ही विक्रय करने की भी शपथ ली है। इसका सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया और पर्यावरण के प्रति अपनी आस्था जताई। वार्षिक बैठक में मुरलीधर शर्मा, नितेश मूँदड़ा, देवेन्द्र सोनी, सुनील दरक, राजू काबरा, अंकित, गोपाल सोनी आदि व्यापारी उपस्थित थे। मीटिंग का संचालन निवर्तमान सचिव अनुज मानसिंहका द्वारा किया गया।


# लाल बड़ली क्षेत्र में झुका बड़ का पेड़ बना खतरा, मंदिरों व अस्पताल के रोड पर बनी हुई है हादसे की आशंका

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

कस्बे के लाल बड़ली क्षेत्र में वर्षों पुराना बड़ का पेड़ अब गंभीर खतरे का कारण बनता जा रहा है। यह पेड़ झुककर आसपास के मकानों, मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों को नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों में भय का माहौल है।

कस्बेवासी विकास जैन ने बताया कि कोरोना काल के दौरान प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा इस पेड़ की कटाई-छंटाई शुरू की गई थी, ताकि आसपास बने घरों को नुकसान से बचाया जा सके। लेकिन कुछ दूरस्थ क्षेत्र के लोगों के विरोध और राजनीतिक दबाव के चलते यह कार्य रोक दिया गया।

अब स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि बड़ का पेड़ पूरी तरह झुक चुका है। आसपास के मकानों में एक-एक फीट तक की दरारें आ गई हैं, फर्श उखड़ चुके हैं और चबूतरे टूट चुके हैं। यहां से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की आवाजाही होती है, क्योंकि इस मार्ग पर जैन मंदिर, चारभुजा नाथ मंदिर, मुरली मनोहर मंदिर सहित सरकारी अस्पताल भी स्थित है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस पर तुरंत संज्ञान लिया जाए और पेड़ की सुरक्षित कटाई कर लोगों को राहत दिलाई जाए।





# सवाईपुर के ढ़ेलाणा चौराहे पर बाइक और गौवंश में टक्कर, दो युवक घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

कस्बे के निकटवर्ती ढ़ेलाणा गांव के चौराहे पर बाइक और गौवंश की टक्कर में दो युवक घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

भीलवाड़ा की ओर से आ रही बाइक की टक्कर गौवंश से हो गई, जिससे बाइक सवार युवराज सिंह पिता प्रकाश सिंह राजपूत निवासी सबलाजी का खेड़ा व निर्मल गुर्जर निवासी गेगा का खेड़ा घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों को सवाईपुर चिकित्सालय पहुंचाया, जहां से उन्हें 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला चिकित्सालय भेजा गया। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व राहगीर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि ढ़ेलाणा पेट्रोल पंप से लेकर सवाईपुर के बीच सड़क पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों ने कई बार ढ़ेलाणा चौराहे पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।




# बनास नदी में बड़े स्तर पर अवैध बजरी खनन का पर्दाफाश, 2.27 करोड़ की मशीनें जब्त, 14 आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ कारोई**

थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम भीलवाड़ा ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ग्राम दौलपुरा और तगड़िया के पास बनास नदी में चल रहे अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्रवाई की है। कार्रवाई में 16 ट्रैक्टर ट्रॉली, 3 जेसीबी, 1 लोडर जब्त किए गए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत ?2.27 करोड़ बताई जा रही है। साथ ही 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया।




इस दौरान पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अवैध बजरी भरते हुए जेसीबी मशीनें व ट्रैक्टर ट्रॉलियों को भी जब्त किया। सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। कार्रवाई में 16 ट्रैक्टर ट्रॉली अनुमानित कीमती ?1.12 करोड़, 3 जेसीबी मशीन अनुमानित कीमत ?1.05 करोड़, 1 लोडर अनुमानित कीमत 10 लाख कुल अनुमानित जब्ती मूल्य ?2.27 करोड़ की मशीने जब्त की गई है। थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि

पुलिस ने रोशनलाल पुत्र भैरूलाल, जाति कालबेलिया, उम्र 20 वर्ष, निवासी लूंकड़ी नेवरिया, थाना राशमी, जिला चित्तौड़गढ, गोपाललाल पुत्र रतनलाल गुर्जर, उम्र 21 वर्ष, निवासी दौलपुरा, थाना कारोई, ~~जिला भीलवाड़ा, राजूलाल~~ पुत्र कैलाश, जाति कालबेलिया, उम्र 20 वर्ष, निवासी नौगावां खेड़ा, थाना पुर, जिला भीलवाड़ा, सांवरमल पुत्र हरलाल बैरवा, उम्र 30 वर्ष, निवासी दौलपुरा, थाना कारोई, जिला भीलवाड़ा , राजूलाल पुत्र शंकरलाल, जाति भील, उम्र 25 वर्ष, निवासी सालरिया खेड़ा जागदरी, थाना कारोई, जिला भीलवाड़ा, मुकेश पुत्र लादूलाल, जाति भील, उम्र 20 वर्ष, निवासी मोमी, थाना कारोई, जिला भीलवाड़ा, भगवानलाल पुत्र भूरालाल, जाति भील, उम्र 42 वर्ष, निवासी गुरजनिया, थाना राशमी, जिला चित्तौड़गढ़, शंकरलाल पुत्र उदयलाल, जाति भील, उम्र 40 वर्ष, निवासी पंहुना, थाना राशमी, जिला चित्तौड़गढ़, पप्पूलाल पुत्र शंकरलाल, जाति भील, निवासी दौलपुरा, थाना कारोई, जिला भीलवाड़ा , कन्हैयालाल पुत्र रामेश्वरलाल, जाति खारोल, निवासी खारोलिया खेड़ा, थाना पुर, जिला भीलवाड़ा , सुरेश उर्फ दुर्गेशलाल पुत्र राधेश्याम, जाति कंजर, निवासी खारोलिया खेड़ा, थाना पुर, जिला भीलवाड़ा, उदयलाल पुत्र तेजालाल, जाति भील, उम्र 19 वर्ष, निवासी सालरिया का खेड़ा, थाना कारोई, जिला भीलवाड़ा, रमेश पुत्र हीरालाल, जाति भील, निवासी सालरिया का खेड़ा, थाना कारोई, जिला भीलवाड़ा एवं श्यामलाल पुत्र रतनलाल, जाति कंजर, निवासी चोयला का खेड़ा, थाना मंगरोप, जिला भीलवाड़ा को हिरासत में किया है।

राठौड़ ने बताया कि बजरी माफिया पर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। अवैध खनन में लिप्त अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## QUICK BITES

# त्रिवेणी संगम से कावड़ लाकर रूद्र महादेव का करेंगे जलाभिषेक

**शाहपुरा को पुनः जिला बनाने की मांग, वर्तमान सरकार पर साधा निशाना**

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)।** श्रावण मास के पावन अवसर पर आकोला कस्बा और आसपास के होलीरड़ा क्षेत्र के शिवभक्त सोमवार को त्रिवेणी संगम बीगोद से कावड़ यात्रा लेकर आएंगे। कांवड़ यात्रा संघ के सदस्य हरिलाल जाट एवं नारायण साहू ने बताया कि यात्रा सोमवार सुबह 8:15 बजे त्रिवेणी संगम से जल भरकर रवाना होगी। यह कावड़ यात्रा आकोला के दर्जी मोहल्ला स्थित रूद्र महादेव मंदिर पहुंचेगी, जहां शिव भक्तों द्वारा भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। यात्रा को लेकर सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं।



# टायर फटने से ईंटों से भरी ट्रॉली पलटी, टला बड़ा हादसा

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



कस्बे में उस समय बड़ा हादसा टल गया जब ईंटों से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली का टायर अचानक फट गया और ट्रॉली सड़क पर पलट गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

यह घटना कस्बे के गाछा बस्ती के पास हाईवे पर घटित हुई। ट्रैक्टर ट्रॉली भीलवाड़ा से बीगोद की ओर जा रही थी, तभी ट्रॉली का एक टायर फट गया और ट्रॉली असंतुलित होकर बीच हाईवे पर पलट गई। हादसे के दौरान ट्रॉली में भरी ईंटें सड़क पर फैल गईं और एक तरफ का यातायात बाधित हो गया। हालांकि ट्रॉली चालक बाल बाल बच गया ।

# माहेश्वरी महिला संगठन ने लगाए 51 पौधे, 'एक पेड़ मां के नाम' से दिया प्रकृति प्रेम का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जिला माहेश्वरी महिला संगठन ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महेश छात्रावास परिसर व आसपास 51 छायादार व औषधीय पौधे लगाए। पौधरोपण कार्यक्रम जिलाध्यक्ष प्रीति लोहिया व सचिव भारती बाहेती के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा, संयुक्त मंत्री शिखा भदादा, राष्ट्रीय समिति सदस्य मनोरमा काल्या सहित अनेक सदस्याएं मौजूद रहीं। सीमा कोगटा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम का भाव प्रकृति और मातृत्व से आत्मिक जुड़ाव का संदेश देता है। सभी सदस्यों ने पौधों की देखभाल का संकल्प भी लिया।

# डोडा-चूरा तस्करी के मामले में वांछित आरोपी धाकड़ गिरफ्तार

**भीलवाड़ा सदर थाना पुलिस की कार्रवाई, 10 हजार का इनामी था फरार तस्कर**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सदर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डोडा-चूरा तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी दिनेश पुत्र मोडीराम धाकड़ निवासी नालखेड़ी, थाना पारसोली, जिला चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। सदर थाना प्रभारी कैलाश विश्नोई ने बताया कि 15 जनवरी 2024 को तत्कालीन थानाधिकारी उगमाराम ने रूपाहेली चौराहा, कोटा रोड पर नाकाबंदी के दौरान एक कार को रोका था। कार में 51 किलो 760 ग्राम डोडा-चूरा बरामद हुआ था, जिसे जब्त कर दो आरोपियों - भंवरलाल पुत्र गणपतराम निवासी खुड़ी, जैसलमेर और सुनील पुत्र भप्पाराम विश्नोई निवासी डोली, बाड़मेर को गिरफ्तार किया गया था।पूछताछ में सामने आया था कि बरामद डोडा-चूरा दिनेश धाकड़ ने सप्लाई किया था। इसके बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दिनेश अपने गांव नालखेड़ी के खेतों में देखा गया है। पुलिस व डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर उसे पकड़ने का प्रयास किया। आरोपी बाइक से भागने लगा लेकिन खेतों में करीब एक किलोमीटर पीछा कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब दिनेश से तस्करी नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890